दिन– बुधवार                                                    दिनांक– 08 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                    अवधिः– 15 मिनट

---

01. होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की शर्त के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दो हफ्तों के लिए युद्धविराम की घोषणा की। ईरान भी सहमत। होर्मुज को सुरक्षित आवाजाही के लिए खोला।

02. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा – पुराने परिसीमन के आधार पर ही कराये जायेंगे पंचायत चुनाव।

03. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आज आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी।

04. और, बिहार की बालक टीम ने राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अन्डर सेवेंटीन चैपिंयनशिप का खिताब जीता। बालिका टीम ने भी जीता रजत।

————————————————————————

अमरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की शर्त पर ईरान के साथ दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की है। यह घोषणा उनके द्वारा दी गई, उस समय सीमा से ठीक पहले आई है, जिसमें उन्होंने ईरान के बुनियादी ढांचे पर भीषण हमले की चेतावनी दी थी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान किये जाने की सम्भावना है। माना जा रहा है कि नई सरकार के गठन के पूर्व नीतीश मंत्रिमंडल की यह अंतिम बैठक होगी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज चार हजार नौ सौ चौवन एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहेंगे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार आपदा पीड़ितों को मदद पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए अधिकारियों को आपदा पीड़ितों को समय से सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। बिहार राज्य आपदा

प्रबंधन प्राधिकार की बैठक की अध्यक्षता करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एनडीए सरकार बनने के बाद आपदा पीड़ितों के लिए कई तरह की योजना और सहुलियतों की शुरूआत की गयी। उन्होंने कहा कि बाढ़–सुखाड़, अगलगी, भूकम्प, लू आदि आपदाओं के कुशल प्रबंधन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया बनायी गयी है।

———————————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि पंचायत चुनाव पुराने परिसीमन के आधार पर ही कराये जायेंगे। पश्चिम चंपारण के वाल्मिकीनगर में संवाददातओं से बातचीत में श्री प्रकाश ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अपने निर्धारित समय पर होंगे।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि अंचलों में काम प्रभावित होने पर अधिकारियों को जिम्मेवार माना जायेगा। पटना में भूमि सुधार उप समाहर्ता, डीसीएलआर की राज्यस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि जनता को होने वाली परेशानियों का खामियाजा अधिकारियों और कर्मचारियों को भुगतना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कामों को निर्धारित समय पर पूरा करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया जाए। इससे आम लोगों को सुविधा होगी और विभाग का छवि भी बेहतर बनेगी।

———————————————————————

प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वच्छता रैंकिंग जारी की जायेगी। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने सभी जिला कल्याण पदाधिकारी और डीपीओ को हर तीन महीने पर आंगनबाड़ी केन्द्रों की रैंकिंग जारी करने के निर्देश दिये हैं। इस रैंकिंग के आधार पर बेहतर काम करने वाले केन्द्रों को मॉडल केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। श्री सहनी ने कहा कि स्वच्छता सेविका और सहायिका को बेहतर काम के लिए सम्मानित किया जायेगा।

———————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि प्रदेश में निर्माणाधीन मॉडल स्कूलों में एकरूपता होगी। उन्होंने पटना में क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक और जिला शिक्षा पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में यह निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकें, खेल–कूद सामग्री, और सेनेटरी नैपकीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। मंत्री ने विद्यालयों में शत प्रतिशत आधार सीडिंग, स्वच्छ शौचालय और पेय जल की व्यवस्था पर भी बल दिया।

---

प्रदेश में सरकारी भवनों के निर्माण कार्य का प्रत्येक बुधवार और गुरूवार को संबंधित अभियंता स्थल निरीक्षण करेंगे। भवन निर्माण विभाग की योजनाओं की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा गया कि निर्माण कार्य की उच्च गुणवत्ता विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी कार्यपालक अभियंताओं को परियोजना का डेटा पीएमआईएस पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिया गया।

---

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि जूते–चप्पल उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि इस श्रम प्रधान उद्योग का बाजार आकार लगभग डेढ़ से दो लाख करोड़ रुपये का है। नई दिल्ली में जूते–चप्पल उद्योग के हितधारकों से बातचीत के दौरान श्री सिंह ने तकनीकी वस्त्र जैसे नए क्षेत्रों के उदय का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देने के लिए दस हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की उत्पादन–संबंधी प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है।

---

मौसम विभाग ने पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में अगले दो दिनों तक आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग ने अपने पुर्वानुमान में कहा कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, किशनगंज और मधुबनी, समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर आंधी के साथ तेज बारिश की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाये हुये हैं और कहीं–कहीं हल्की बारिश हुई है। विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान पटना, अरवल, औरंगाबाद, बेगूसराय, समस्तीपुर और सीवान समेत आस–पास के ग्यारह जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

---

राज्य की अदालतों में काम–काज का समय तेरह अप्रैल से बदल जायेगा। पटना न्याय मंडल की सभी निचली अदालतों में तेरह अप्रैल से सत्ताईस जून तक प्रातःकालीन व्यवस्था लागू होगी। इसके तहत सुबह साढ़े सात बजे से दस बजे तक पहली पाली और साढ़े दस बजे से दोपहर एक बजे तक दूसरी पाली में कार्य होगा।

————————————————————————————

खनन मंत्रालय ने खानों के संचालन में तेजी लाने और खनन क्षेत्र में व्यापार सुगमता बढ़ाने के लिए खनिज–नीलामी द्वितीय संशोधन नियम–दो हजार छब्बीस अधिसूचित किए हैं। मंत्रालय के अनुसार इन नियमों की प्रमुख विशेषताएं खनन ब्लॉक के अव्यवहार्य हिस्से को बाहर करने की अनुमति देना और एक एकीकृत खनन पोर्टल की शुरुआत करना है। मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य खनिज विकास में तेजी लाना, खानों के समय पर संचालन को सुगम बनाना और निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

————————————————————————————

संस्कृति मंत्रालय ने वंदेमातरम फ्रेम्स राष्ट्रीय फिल्म निर्माण प्रतिस्पर्धा के लिए देशभर के फिल्म निर्माताओं और रचनात्मक व्यक्तियों को आमंत्रित किया है। इसका उद्देश्य अपनी अद्भुत किस्सागोई के जरिये वंदेमातरम की भावना को व्यक्त करना और राष्ट्र के प्रति गौरव को प्रदर्शित करना है। यह प्रतिस्पर्धा अपनी रचनात्मकता, नवाचार और सिनेमाई कौशल को व्यक्त करने के लिए प्रतिभागियों को एक मंच प्रदान करती है।

————————————————————————————

शेखपुरा में दस पैक्स के निर्वाचन के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। बीस अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए तेईस मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। अध्यक्ष और कार्यकारिणी के सदस्यों के निर्वाचन के लिए चौदह हजार से अधिक किसान मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक शहाबुद्दीन ने जीएमसीएच अस्पताल के पास अवैध रूप से चलाये जा रहे एक क्लिनिक को सील कर दिया है।

————————————————————————————

मुंगेर जिले की विशेष अदालत ने तेरह वर्ष पहले दर्ज किये गये एक मामले में साक्ष्य के अभाव में छह आरोपियों को रिहा कर दिया है।

————————————————————————————

कटिहार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोजितपुर स्थित मनीहारी–पूर्णिया राष्ट्रीय

राजमार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार युवाकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

———————————————————————

और अब खबरें खेल की.....

बिहार की बालक टीम ने भुवनेश्वर में सम्पन्न उनहत्तरवीं राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अन्डर सेवेंटीन चैपिंयनशिप का खिताब जीत लिया है। फाईनल मुकाबले में बिहार ने ओडिशा को इक्कीस–पांच के बड़े अंतर से हरा दिया। वहीं, बालिका वर्ग में बिहार की टीम ने रजत पदक हासिल किया है। फाईनल मुकाबले में टीम को ओडिशा के खिलाफ सात–पांच के छोटे अंतर से हार का सामना करना पड़ा। मुंगेर जिले के तारापुर प्रखंड के अफजल नगर खुदिया में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पिछले सत्तर वर्षों से आयोजित हो रही इस प्रतियोगितामें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला गुजरात टाइटन्स से होगा। ये मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम साढे सात बजे शुरू होगा। वहीं, कल हुये एक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को सत्ताईस रन से हरा दिया। लगातार बारिश के कारण मैच की शुरुआत ढाई घंटे देरी से हुई और इसे ग्यारह ओवर का कर दिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, राजस्थान ने तीन विकेट पर एक सौ पचास रन बनाए।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने अमेरिका ईरान तनाव को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– हमलों के बीच होर्मुज पर दुनिया बंटी। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर रूस और चीन ने वीटो लगाया।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– दिव्यांगों के लिए अनारक्षित रिक्तियां सभी वर्गों के लिए खुलीं।

देनिक भास्कर ने भाजपा से जुड़ी खबर पर लिखा है– दस अप्रैल को दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम पर भाजपा में आम सहमति बनायी जायेगी।

प्रभात खबर ने मौसम की खबर का शीर्षक लगाया है– बिहार में आज कई जगहों पर बारिश होने की सम्भावना।

राष्ट्रीय सागर ने डीजीपी के हवाले से लिखा है– हर बड़े मामले की होगी, फॉरेंसिक जांच।

आज अखबार लिखता है– पटना में करोड़ों की सरकारी दवाईयां, गोदाम से बरामद एक गिरफ्तार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की शर्त के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दो हफ्तों के लिए युद्धविराम की घोषणा की। ईरान भी सहमत। होर्मुज को सुरक्षित आवाजाही के लिए खोला।

02. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा – पुराने परिसीमन के आधार पर ही कराये जायेंगे पंचायत चुनाव।

03. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आज आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी।

04. और, बिहार की बालक टीम ने राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अन्डर सेवेंटीन चैपिंयनशिप का खिताब जीता। बालिका टीम ने भी जीता रजत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।